**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT**
**LABOUR BUREAU**

**Shram Bureau Bhawan, Block No. 2,**
**Institutional Area, Sector 38 (West),**
**Chandigarh – 160036**
**Dated: 29th September, 2023**

**F.No. 5/1/2021-CPI**

**Press Release**

**Consumer Price Index for Industrial Workers (2016=100) – August, 2023**

The Labour Bureau, an attached office of the M/o Labour & Employment, has been compiling Consumer Price Index for Industrial Workers every month on the basis of retail prices collected from 317 markets spread over 88 industrially important centres in the country. The index is compiled for 88 centres and All-India and is released on the last working day of succeeding month. The index for the month of August, 2023 is being released in this press release.

The All-India CPI-IW for August, 2023 decreased by 0.5 points and stood at 139.2 (one hundred thirty nine point two). On 1-month percentage change, it decreased by 0.36 per cent with respect to previous month compared to increase of 0.23 per cent recorded between corresponding months a year ago.


The maximum downward pressure in current index came from Food & Beverages group contributing 0.71 percentage point to the total change. At item level, Wheat, Poultry/Chicken, Eggs-hen, Cotton Seed Oil, Apple, Brinjal, Cauliflower, Chillies Green, Ginger, Lady's Finger, Tomato, Electricity Domestic, Kerosene Oil, etc. are responsible for the fall in index. However, this decrease was checked by Rice, Arhar Dal, Onion, Cumin Seed/Jira, Cooked Meal, Tailoring Charges, Books School/ITI, Private Tutor/Coaching Centre Fees, Tuition and other Fees-College and School/ITI, Stationery, etc. putting upward pressure on the index.

At centre level, Jaipur recorded a maximum decrease of 4.8 points. Among others, 3 centres recorded decrease between 3 to 3.9 points, 11 centres between 2 to 2.9 points, 13 centres between 1 to 1.9 points and 22 centres between 0.1 to 0.9 points. On the contrary, Cuttack recorded a maximum increase of 4.4 points followed by Jalandhar with 4.0 points and Dadra & Nagar Haveli and Kollam with 3.7 points each. Among others, 3 centres recorded increase between 2 to 2.9 points, 9 centres between 1 to 1.9 points and 18 centres between 0.1 to 0.9 points. Rest of 4 centres' indices remained stationary.

Year-on-year inflation for the month stood at 6.91 per cent compared to 7.54 per cent for the previous month and 5.85 per cent during the corresponding month a year before. Similarly, Food inflation stood at 10.06 per cent against 11.87 per cent of the previous month and 6.46 per cent during the corresponding month a year ago.

•-• https://www.staffnews.in •-•


## Y-o-Y Inflation based on CPI-IW (Food and General)




### All-India Group-wise CPI-IW for July, 2023 and August, 2023

| Sr. No. | Groups | July, 2023 | August, 2023 |
|---|---|---|---|
| I | **Food & Beverages** | 145.1 | 143.3 |
| II | **Pan, Supari, Tobacco & Intoxicants** | 156.3 | 156.6 |
| III | **Clothing & Footwear** | 138.0 | 138.4 |
| IV | **Housing** | 125.7 | 125.7 |
| V | **Fuel & Light** | 181.0 | 179.3 |
| VI | **Miscellaneous** | 132.8 | 133.7 |
| | **General Index** | **139.7** | **139.2** |

### CPI-IW: Groups Indices




The next issue of CPI-IW for the month of September, 2023 will be released on Tuesday, 31st October, 2023. The same will also be available on the office website *www.labourbureau.gov.in*.

29/9/2023

**(Shyam Singh Negi)**
**Deputy Director General**

•-• https://www.staffnews.in •-•

भारत सरकार
श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

श्रम ब्युरो भवन, ब्लॉक न.-2,
संस्थागत क्षेत्र, सेक्टर 38 (पश्चिम),
चंडीगढ़ - 160036
दिनांक: 29 सितंबर, 2023

संख्या- 5/1/2021- सी.पी.आई.

## प्रेस विज्ञप्ति

## औद्योगिक श्रमिकों का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (2016=100) - अगस्त, 2023

श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय से संबंधित कार्यालय द्वारा हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का संकलन सम्पूर्ण देश में फैले हुए 88 महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्रों के 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा मूल्यों के आधार पर किया जाता है। सूचकांक का संकलन 88 औद्योगिक केंद्रों एवं अखिल भारत के लिए किया जाता है और आगामी महीने के अंतिम कार्यदिवस पर जारी किया जाता है। अगस्त, 2023 के लिए सूचकांक इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जारी किया जा रहा है।

अगस्त, 2023 का अखिल भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) 0.5 अंक घटकर 139.2 (एक सौ उनतालीस दशमलव दो) अंकों के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में पिछले माह की तुलना में 0.36 प्रतिशत की कमी रही जबकि एक वर्ष पूर्व इन्हीं दो महीनों के बीच 0.23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

सूचकांक में दर्ज कमी में अधिकतम योगदान खाद्य एवं पेय समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को 0.71 बिन्दु प्रतिशतता से प्रभावित किया। मदों में गेंहू, पोल्ट्री/चिकन, मुर्गी के अंडे, कॉटन सीड तेल, सेब, बैंगन, फूलगोबी, हरी मिर्च, अदरक, भिंडी, टमाटर, घरेलू बिजली, मिट्टी का तेल, इत्यादि सूचकांक को घटाने में जिम्मेवार रहे। इसके विपरित मुख्यतः चावल, अरहर दाल, प्याज, जीरा, तैयार भोजन, सिलाई प्रभार, किताबे स्कूल/आई.टी.आई., निजी अध्यापन/कोचिंग केंद्र शुल्क, ट्यूशन और अन्य फीस-स्कूल/आई.टी.आई., स्टैशनरी, इत्यादि ने सूचकांक में दर्ज कमी को नियंत्रित करने का प्रयास किया।


केंद्र-स्तर पर जयपुर के सूचकांक में अधिकतम 4.8 अंक की कमी रही| अन्य 3 केंद्रों में 3 से 3.9 अंक, 11 केंद्रों में 2 से 2.9 अंक, 13 केंद्रों में 1 से 1.9 अंक तथा 22 केंद्रों में 0.1 से 0.9 अंक के बीच कमी रही। इसके विपरीत कटक में अधिकतम 4.4 अंक की वृद्धि पायी गई, इसके बाद जालंधर में 4.0 अंक की वृद्धि तथा दादर और नगर हवेली एवं कोलम प्रत्येक में 3.7 अंक की वृद्धि रही। अन्य 3 केंद्रों में 2 से 2.9 अंक, 9 केंद्रों में 1 से 1.9 अंक तथा 18 केंद्रों में 0.1 से 0.9 अंक के बीच वृद्धि रही । शेष 4 केंद्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

अगस्त, 2023 के लिए मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 7.54 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 5.85 प्रतिशत की तुलना में 6.91 प्रतिशत रहा। खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 11.87 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 6.46 प्रतिशत की तुलना में 10.06 प्रतिशत रहा।



•-• https://www.staffnews.in •-•


## सी.पी.आई.- आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर (खाद्य एवं सामान्य)




## अखिल-भारत समूह-वार सूचकांक : जुलाई, 2023 एवं अगस्त, 2023

| क्र. सं. | समूह | जुलाई, 2023 | अगस्त, 2023 |
|---|---|---|---|
| I | खाद्य एवं पेय | 145.1 | 143.3 |
| II | पान, सुपारी, तंबाकू एवं नशीले पदार्थ | 156.3 | 156.6 |
| III | कपड़े एवं जूते | 138.0 | 138.4 |
| IV | आवास | 125.7 | 125.7 |
| V | ईंधन एवं प्रकाश | 181.0 | 179.3 |
| VI | विविध | 132.8 | 133.7 |
| | **सामान्य सूचकांक** | **139.7** | **139.2** |

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. : समूह सूचकांक




सूचकांक की आगामी कड़ी सितंबर, 2023 माह के लिए दिन मंगलवार 31 अक्टूबर, 2023 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाईट ***www.labourbureau.gov.in*** पर भी उपलब्ध रहेगा।

29/9/2023

(श्याम सिंह नेगी)
उप-महानिदेशक



•-• https://www.staffnews.in •-•